# दो दुकानों से भारी मात्रा में नकली तंबाकू बरामद

Publish Date:Thu, 13 Jun 2019 06:22 AM (IST)

जागरण संवाददाता, जौनपुर: नगर कोतवाली के बगल स्थित दुकानों पर बुधवार की शाम छापा मारकर भारी मात्रा में नकली तंबाकू बरामद किया गया। जर्दा फैक्ट्री के कर्मी की तहरीर पर दो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

प्रभात जर्दा फैक्ट्री मुजफ्फरपुर बिहार के रत्ना 64 व रत्ना 300 उत्पाद के नाम पर सादा गोल रंगीन डिब्बा में लंबे समय से मिलती-जुलती खुशबू वाली पत्ती की पैकिग कर बिक्री की जा रही थी। बिक्री घटना पर कंपनी को संदेह हुआ तो सर्विलेंस सुपरवाइजर राजीव झा के नेतृत्व में कंपनी की टीम ने पिछले कई दिनों से जनपद में डेरा डाल दिया। इस दौरान कोतवाली से सटे दो थोक विक्रेताओं के यहां नकली उत्पाद चिन्हित कर पुलिस को जानकारी दी। कोतवाल श्रीप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व ने पुलिस ने छापा मारकर एक दुकान से 167 और एक से 25 डिब्बा नकली तंबाकू बरामद किया। कंपनी के अधिकारी की तहरीर पर आरोपी अमरदेव व रवींद्र कुमार चौरसिया निवासी अढ़नपुर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस पूछताछ कर रही है।

कंपनी के जनरल मैनेजर (रेड) केएस चौहान ने बताया कि जिस सादा रंगीन डिब्बे में नकली तंबाकू की बिक्री की जा रही है उसे कंपनी ने 2008 में ही बंद कर दिया है। तभी से कैन टाइप ई जी ओनपर में उत्पाद बेचे जा रहे हैं। पूर्वांचल के जनपदों में बेखौफ नकली उत्पाद कंपनी के नाम पर बेचा जा रहा है।

कंपनी की बिक्री कम होने पर डेढ़ साल पूर्व जौनपुर के कई व्यवसाइयों को पकड़ा गया था। उनके द्वारा गलती स्वीकार करने पर चेतावनी देकर छोड़ दिया गया लेकिन अवैध कारोबारी नहीं माने। मई माह में कंपनी की टीम आई थी और इन दो दुकानदारों को चिन्हित कर चली गई थी। उन्होंने बताया कि गत छह जून को आजमगढ़ में भी नकली उत्पाद के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए थे।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/jaunpur-large-quantities-of-fake-tobacco-recovered-from-two-shops-19306688.html